प्रदेश के मानगढ़ धाम में विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन

चर्चा में क्यों?

9 अगस्त, 2023 को राजस्थान के बांसवाड़ा ज़िले के मानगढ़ धाम पर विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आदिवासी क्षेत्र के लिये अनेक घोषणाएँ कीं।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बताया कि आदिवासी क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना राज्य सरकार का सपना है। राज्य सरकार ने आदिवासियों के प्रति ज़िम्मेदारी निभाते हुए क्षेत्रविशेष के लिये जनहितैषी योजनाएँ संचालित कर हर व्यक्ति को लाभ पहुँचाना सुनिश्चित किया है।
- उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मानगढ़ को राष्ट्रीय स्मारक घोषित नहीं किये जाने पर अब राज्य सरकार धाम के विकास में 100 करोड़ रुपए व्यय करेगी।
- विदित है कि देश की आज़ादी के लिये गोविंद गुरु के नेतृत्व में हज़ारों आदिवासियों ने बलिदान दिया था। राज्य सरकार द्वारा उनकी शहादत में राजकीय अवकाश घोषित किया गया है।
- साथ ही, क्षेत्र के बेणेश्वर धाम पर पुल सहित अन्य कार्यों के लिये 135 करोड़ रुपए की लागत से कार्य शुरू हो गए हैं।
- किसानों और आमजन के लिये बहुउपयोगी 2500 करोड़ रुपए की अपर हाई लेवल कैनाल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है।
- आदिवासी क्षेत्र के विद्यार्थियों को 200 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति वितरित की गई है। साथ ही, 219 छात्रावासों में हज़ारों विद्यार्थी रहकर अपना भविष्य सँवार रहे हैं।
- मुख्यमंत्री की आदिवासी क्षेत्र के लिये घोषणाएँ:
  - मानगढ़ क्षेत्र स्थित भैरवजी मंदिर पर पुल बनेगा। इसमें 37 करोड़ रुपए व्यय होंगे।
  - राज्य सरकार ने टीएसपी क्षेत्र में कार्यरत् 2000 बाहरी शिक्षकों के तबादले का निर्णय लिया है। इससे अब इस क्षेत्र के शिक्षकों को पढ़ाने का अवसर मिलेगा।
  - टीएसपी क्षेत्र के साथ प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी माँ-बाड़ी केंद्र खोले जाएंगे।
  - आदिवासी क्षेत्र सहित प्रदेश के 1 लाख बच्चे छात्रावासों में रहकर पढ़ाई कर सकेंगे। इसके लिये छात्रावासों की संख्या में बढ़ोतरी की जाएगी।
- समारोह में सांसद राहुल गांधी ने अन्नपूर्णा फूड पैकेट और स्मार्टफोन योजना के लोगो का अनावरण करते हुए एक लाभार्थी को पैकेट एवं स्मार्टफोन प्रदान किया।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-tribal-day-celebration-in-mangarh-dham